## रक्तदान शिविर 30 को

**भरतपुर ( निस )।** खंडेलवाल वैश्य समाज भरतपुर के तत्वाधान में खंडेलवाल महिला मंडल एवं खंडेलवाल युवा मंडल के द्वारा संत सुंदर दास महाराज की पुण्यतिथि गोपाष्टमी के अवसर पर 30 अक्टूबर गुरुवार को द्वितीय विशाल रक्तदान शिविर खंडेलवाल भवन खिरनी घाट भरतपुर पर आयोजित किया जा रहा है। खंडेलवाल महिला मंडल की अध्यक्ष अर्चना खंडेलवाल एवं खंडेलवाल युवा मंडल के अध्यक्ष सी ए अंकुर खंडेलवाल द्वारा बताया कि रक्तदान महादान है और सभी को रक्तदान करना चाहिए और जो व्यक्ति किसी कारण रक्तदान ना कर सके उसे दुसरो को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए स खंडेलवाल युवक संघ के सचिव मुरारी लाल खंडेलवाल ने बताया कि इस शिविर में रक्तदान शिविर के साथ साथ डॉक्टर नेहा मोदी द्वारा होम्योपैथी का निशुल्क परामर्श एवं दवाई वितरण की जावेगी, साथ ही वर्तमान की व्यस्त जिंदगी में अपने को फिट रखने के लिए सीनियर वैलनेस कोच साक्षी खंडेलवाल के द्वारा भी निशुल्क जांच एवं परामर्श की सेवाएं दी जाएगी। कार्यक्रम का प्रारंभ संत सुंदर दास जी महाराज की महा आरती के साथ होगा। खंडेलवाल समाज भरतपुर के अध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु खंडेलवाल युवक संघ से बनवारी लाल सीकरी वाले को संयोजक, निखिल खंडेलवाल को सहसंयोजक, खंडेलवाल महिला मंडल से वंदना खंडेलवाल को संयोजक एवं महिमा खंडेलवाल को सहसंयोजक और खंडेलवाल युवा मंडल से पंकज खंडेलवाल को संयोजक एवं अंकित ठाकुरिया को सहसंयोजक बनाया गया है।

# गंगापुर सिटी उदेई मोड थाना पुलिस ने जुआरियों पर की कार्रवाही

■ 2950 रूपए के साथ पांच जुआरियो को किया गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी।** उदेईमोड़ थाना पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर आरोपियों के कब्जे से कुल 2,950 रुपए नकद और ताश के पत्ते जब्त किए हैं। थानाधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने पहली कार्रवाई काजी कॉलोनी, गंगापुर सिटी स्थित रेलवे पुल के नीचे की। यहां दो व्यक्ति ताश के पत्तों पर रुपए का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने दोनों को मौके से गिरफ्तार कर उनके पास से 1,290 रुपए नकद और 52 पत्ते बरामद किए। इस संबंध में उदेईमोड़ थाने में मामला दर्ज किया गया है। इसी दिन दूसरी कार्रवाई में पुलिस टीम ने सूर्या होटल के पीछे बैरवा बस्ती, मानपुर में दबिश दी। यहां से तीन जुआरियों को पकड़ा गया। इनके कब्जे से 1,660 रुपए नकद और 52 पत्ते बरामद हुए। इस प्रकरण में भी उदेई मोड़ थाने में मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजेश कुमार (23), विजय सिंह उर्फ लालाराम (25), राजेश (33), महेशचंद (29) और पिंटू कुमार (28) के रूप में हुई है। ये सभी बैरवा बस्ती, मानपुर (थाना उदेईमोड़) के निवासी हैं। पुलिस टीम में हैडकांस्टेबल थानसिंह, राजेश खन्ना, कॉन्स्टेबल रविकांत, अकलेश, समयसिंह और ब्रह्मसिंह शामिल थे।

## अवैध हथियार के साथ एक जना पकड़ा

**गंगापुर सिटी।** उदेई मोड़ थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल के निर्देश पर नाकाबंदी के दौरान की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा और वृत्ताधिकारी सीताराम मीना के सुपरविजन में थानाधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार नाकाबंदी के दौरान हेड कॉन्स्टेबल विजय सिंह को रिद्धि-सिद्धि सर्किल के पास शराब के ठेके के पीछे रेलवे ट्रैक के पास संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा, जिसे तुरंत दबोच लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से बिना अनुज्ञापत्र के एक देसी कट्टा और एक 12 बोर का जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी जाकीर उर्फ कलेक्टर (36)घ्घ्घ पुत्र मोहम्मद सत्तार, निवासी कसाई मोहल्ला, जामा मस्जिद के पास, गंगापुर सिटी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना उदेई मोड़ पर दर्ज इस मामले का अनुसंधान उपनिरीक्षक भागवत सिंह कर रहे हैं।

पुलिस आरोपी से अवैध हथियार की सप्लाई के स्रोत और इसमें शामिल अन्य व्यक्तियों के बारे में गहनता से पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में उदेई मोड़ थानाधिकारी राजवीर सिंह के साथ हेड कॉन्स्टेबल विजय सिंह, कॉन्स्टेबल समय सिंह, ब्रह्म सिंह और वीरेंद्र शर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## सम्मेलन आज

**गंगापुर सिटी ।** आत्म निर्भर भारत अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों तलावड़ा, वजीरपुर, गंगापुर ग्रामीण एवं गंगापुर शहर मंडलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का कार्यकर्ता सम्मेलन एवं दीपावली मिलन समारोह आत्मनिर्भर भारत अभियान का आयोजन जयपुर बाईपास स्थित पार्थ रिर्सोट में प्रातः 11 बजे से रखा गया है जिसमें भाजपा प्रदेश पदाधिकारी एवं जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर सहित अनेक पृष्ठ पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# डीग में स्कूली बच्चों को दिया तनाव से मुक्ति का प्रशिक्षण

**डीग भरतपुर ( निस )।** किरन कॉनवेंट पब्लिक स्कूल में विद्यार्थीयो को मेमोरी एवं ब्रेन डेवलपमेंट के अभ्यास के समय के साथ तनाव मुक्ति का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें हरफुलनेस संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कामेश्वर गोस्वामी तथा ब्राइटर माइंड्स की छात्रा प्रकृति गोस्वामी द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को लेफ्ट एंड राइट ब्रेन के डेवलपमेंट के ब्राइटर माइंड्स के अभ्यास करवाए गए। सभी विद्यार्थियों को रिलैक्सेशन एवं इंस्टीट्यूशन डेवलपमेंट की एक्सरसाइज कार्रवाई। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को अध्ययन की महत्वपूर्ण जिज्ञासाओं को कहानी के माध्यम से समझाया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि आजकल शिक्षा में बढ़ते कंपटीशन लेकर बच्चों में तनाव रहने की गंभीर की शिकायते है, बढ़ते कंपटीशन के चलते बच्चों में इसके साइड इफेक्ट गुस्सा, चिड़चिड़ापन, यहां तक की आत्मघाती कदम भी उठाये जाने की खबरें देखने में आ रही है। कंपटीशन के युग मे छात्रों को स्वयं के प्रबंधन के साथ-साथ अपनी पढ़ाई, माता-पिता की महत्वाकांक्षा एवं साथी दोस्तों के व्यवहार का प्रबंध चुनौती पूर्ण लगने लगा है। जिससे विद्यार्थी तनाव और निराशा का अनुभव करते हैं। ऐसी चुनौती पूर्ण परिस्थितियों में हार्टफुलनेस – रिलैक्सेशन एवं ब्राइट माइंड्स के अभ्यास छात्रों को रिलैक्स होने, एकाठा होने तथा अपने जीवन प्रबंधन का आसान और प्रभावी उपाय बताते हैं । भरतपुर शहर में भी जल्द ब्राइट माइंड्स का प्रोग्राम शुरू होने जा रहा है।

## जिम्नास्टिक संघ के चुनाव 21 को

**भरतपुर ( निस )।** भरतपुर जिला जिम्नास्टिक संघ के आगामी चार वर्षों के लिए राजस्थान राज्य जिम्नास्टिक संघ के निर्देशानुसार भरतपुर जिला जिम्नास्टिक संघ के चुनाव 21 नवम्बर 2025 को खेलो इंडिया मल्लखंभ एकेडमी भरतपुर में होंगे। जिला जिम्नास्टिक संघ के सचिव डॉ. रमेश इन्दौलिया ने बताया कि 21 नवम्बर 2025 को भरतपुर में होने वाले चुनाव में जिला जिम्नास्टिक संघ के संबंधित क्लब, एकेडमी तथा स्कूल परिषद भाग लेंगे। चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने वाले सभी क्लब अपने-अपने क्लब के पदाधिकारियों की सूची 28 अक्टूबर 2025 को जिला जिम्नास्टिक संघ में जमा करावेंगे। साथ ही दिनांक 28 अक्टूबर 2025 को होने वाली ए.जी.एम. में भाग लेंगे। आगामी 28 अक्टूबर 2025 को ही खेलो इंडिया मल्लखंभ एकेडमी में जिला जिम्नास्टिक संघ भरतपुर के पदाधिकारियों की ए.जी.एम. बैठक भी आयोजित की जावेगी।

## पार्क की बदहाल स्थिति पर विकास समिति ने जताई नाराज़गी

**भरतपुर ( निस )।** भरतपुर स्थित सी-ब्लॉक रंजीत नगर पार्क विकास समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल की अध्यक्षता में हुई बैठक में समिति सदस्यों गिरधारी गुप्ता (सचिव), मनोज सिंह (कोषाध्यक्ष), रामबाबू , बी.के. सिंघल, अनिल शर्मा, गौरव पाराशर, नरेंद्र सिंघल, विशेष सिंघल, और बाबूलाल ने पार्क की अत्यंत दयनीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। ओमप्रकाश सिंघल ने बताया कि कई बार नगर निगम भरतपुर में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। पार्क की घास इंसान की ऊँचाई तक बढ़ चुकी है, झाड़ियाँ पेड़ों का रूप ले चुकी हैं, फुटपाथ टूटे पड़े हैं और झूले पूरी तरह जंग खा चुके हैं कृ जिससे बच्चों के घायल होने का खतरा बना रहता है। कोषाध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि समिति के सदस्य कई बार निजी खर्चे से सफाई कार्य करवा चुके हैं, किंतु स्थायी समाधान के अभाव में हालात पुनः वैसे ही हो गए हैं। सचिव गिरधारी गुप्ता ने कहा सरकार जहाँ एक ओर स्वच्छ भारत और हरित राजस्थान का संदेश दे रही है, वहीं हमारा पार्क उपेक्षा का शिकार है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो समिति को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। समिति ने राजस्थान सरकार, केंद्र सरकार, और नगर निगम भरतपुर से आग्रह किया है कि वे तत्काल संज्ञान लें, पार्क की सफ़ाई, मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था शीघ्र प्रारंभ करें ताकि यह स्थान पुनः बच्चों और बुज़ुर्गों के लिए सुरक्षित व सुंदर बन सके।

## चूली गेट ने जीता खिताफ

**गंगापुर सिटी ।** नसिया क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित गंगापुर डे नाइट प्रीमियर लीग में शनिवार को चूली गेट इलेवन ने एम स्टार इलेवन को हराकर खिताब अपने नाम किया। यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें खिलाड़ियों के उत्कृष्ट खेल और दर्शकों के उत्साह ने माहौल को और भी रोमांचक बना दिया। डी.एस. साइंस एकेडमी के संस्थापक एवं समाजसेवी उमेश शर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क को बढ़ावा देते हैं। खेल से जीवन में सकारात्मक सोच और ऊर्जा का संचार होता है। नसिया क्रिकेट क्लब के सदस्य सौरव गौतम, जयराज सिंह, पार्षद वार्ड नं. 20 रवि गोठवाल, दिलीप चंदा और विजय सिंह ने लीग के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य लक्ष्य क्षेत्र के युवाओं को खेल के माध्यम से एकजुट करना है।

## ओंकारेश्वर में होगी शिव महापुराण कथा

■ सदस्यों ने ओंकारेश्वर में जगह का किया अवलोकन

**गंगापुर सिटी।** श्री राधा कृष्ण मानस मंडल की ओर से आगामी दिनों में प्रमुख तीर्थ स्थल ओंकारेश्वर में कथा का आयोजन किया जाएगा। मंडल के सदस्य मोहनलाल ठेकेदार, कमलेश बैराड़ा, एडवोकेट शिवकुमार शर्मा, गिरीश मित्तल, सुरेशचंद रामू गुट्टा व मदन मोहन शर्मा ने बताया कि आगामी 26 दिसंबर 2025 को ओंकारेश्वर स्थित तीर्थ स्थल स्थित आदिवासी धर्मशाला में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा की शुरुआत सुबह बैंड बाजों से निकाली जाने वाली भव्य कलश शोभायात्रा के साथ में होगा। कथा 26 दिसंबर से शुरू होगी और 2 जनवरी को कथा का समापन होगा। इस कथा के प्रमुख यजमान एडवोकेट शिवकुमार शर्मा होंगे, जबकि कथा वाचन का दायित्व पंडित डॉ. पुरुषोत्तम शरण शास्त्री कुडगांव वाले निभाएंगे। इसके लिए सभी श्रद्धालु मंडल के नेतृत्व में 24 दिसंबर को गंगापुर सिटी से रात 1.30 बजे रेलवे स्टेशन से इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से इंदौर के लिए रवाना होंगे। इंदौर से बस द्वारा ओंकारेश्वर धाम पहुंचेंगे। मंडल के सदस्यों ने यात्रा के इच्छुक श्रद्धालुओं से अपने अपने टिकट करवाकर रजिस्ट्रेशन की मंडल को देने का आग्रह करते हुए कहा कि सभी इंदौर से बस द्वारा ओंकारेश्वर धाम पहुंचना सुनिश्चित करें। मंडल के सदस्यों बताया कि कथा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरु कर दिए गए है। रजिस्ट्रेशन होने पर ही कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के रहने, ठहरने और खाने-पानी की व्यवस्था की जाएगी।

## कुश्ती दंगल में पहलवानों ने दिखाए दावपेंच

**हलैना भरतपुर ( निस )।** नगला कप्तान में राष्ट्रीय कुष्ती दंगल का आयोजन पूर्व पंचायत समिति सदस्य गजेन्द्र सिंह टंन्टा के मुख्य आतिथ्य एवं पंचायत समिति सदस्य दामोडा पहलवान की अध्यक्षता में हुआ,जबकि ठााम पंचायत आमोली के प्रषासक गुड्डीदेवी के प्रतिनिधी करतार सिंह डागुर,ठााम पंचायत हतीजर के पूर्व सरपचं हरीराम डागुर,ठााम पंचायत ध्वजा मोरोली के सरपचं मेजर गुर्जर रहे। कुष्ती दंगल में भारत केसरी, राजस्थान केसरी, लोहागढ केसरी सहित दिल्ली, उत्तरप्रदेष ,पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेष आदि प्रान्तों के पहलवानों ने कुष्तियां लडी और पहलवानी के दावपेच दिखाए,जिन्हे देख दर्षनों ने पहलवानों के हौंसले बुलन्द करते हुए उपहार में नगदी दी। वही विजेता रहे पहलवानों को पूर्व सरपचं किसन सिंह दामोडा और आयोजन कमेटी ने पुरूस्कार में राषि दी साथ ही जो पहलवान अन्तिम आठ कुष्तियों में मुकाबला को अखाडा में उतरे और मुकाबला में बराबर रहे उन्हे पंचायत समिति सदस्य दामोडा पहलवान के द्वारा नगद राषि उपहार में दी गई। राजस्थान केसरी रहे दलवीर सिंह हाथी पहलवान ने बताया कि गांव नगला कप्तान में पंचायत समिति सदस्य दामोडा पहलवान के द्वारा साल 2021 में पहली बार कुष्ती दंगल की शुरूआत की, जो अब राष्ट्रीय स्तर के कुष्ती दंगल में शामिल हो गया है। इस बार पांचवे कुष्ती दंगल में भारत केसरी, राजस्थान केसरी, लोहागढ केसरी सहित दिल्ली,उत्तरप्रदेश,पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेष आदि प्रान्तों के पहलवानों ने कुष्ती लडी, जो सभी बराबर रही।

## उपाध्याय के दम पर टीम विजयी

**गंगापुर सिटी ।** जिला क्रिकेट संघ सवाई माधोपुर की ओर से आयोजित चैलेंजर क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा मैच कल रविवार को क्रिएटिव और सवाईमाधोपुर के बीच क्रिएटिव स्पोर्ट्स अकेडमी जयपुर रोड गंगापुर सिटी में खेला जाएगा। शनिवार को अण्डर 14 क्रिकेट चैलेंजर प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुख्य अतिथि जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष शरद माथुर और सूर्यप्रकाश शर्मा रहे। अतिथियों ने सभी खिलाडियों को अनुशासन, शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खेल को महत्वपूर्ण बताया और क्रिकेट की बारीकियों की जानकारी दी। आरसीए स्कॉलर लोकेश मीना ने बताया की चैलेंजर प्रतियोगिता के दूसरे दिन लोको स्टार ओर सवाईमाधोपुर के बीच मैच खेला गया जिसमें लोको ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की।

## भुसावरी अग्र परिवार ने उत्साह से मनाया द्वितीय अन्नकूट महोत्सव

**भरतपुर ( निस )।** भुसावरी अठा परिवार भरतपुर का द्वितीय अन्नकूट महोत्सव, शहनाई मैरिज होम, रनजीत नगर भरतपुर में आज शनिवार को बडे उत्साहपूर्वक मनाया गया। अन्नकूट महोत्सव में भुसावरी परिवार ने अत्यन्त आकर्षक गिर्राज महाराज जी की झांकी सजाई। इस अवसर पर भजन मंडली द्वारा भजन कीर्तन किए गए जिसमें उपस्थित जनों ने शामिल होकर माहौल को अत्यन्त ही आनंदत बना दिया। इस अवसर पर भुसावरी अठा परिवार की महिला प्रकोष्ठ ज्योति आर्य, सीमा मित्तल, ऊषा गुप्ता, विनीता गुप्ता, कुसुम गुप्ता, ऊषा मित्तल, मृदुला आर्य, सुमन विंदल, ममता गुप्ता, सविता गुप्ता, नीता सिंघल, शारदा गुप्ता, भावना मित्तल एवं मधु गुप्ता आदि ने श्री गिर्राज महाराज व अठासेन जी महाराज की सज्जा कर छप्पन भोग का प्रसाद लगाया तथा महाआरती भी की।

इस आयोजन में भरतपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग, रामकुमार गुप्ता, हेमराज गोयल, मोहन लाल मित्तल, सुरेश बंसल, विष्णु लोहिया, सुभाष जिंदल, चेयरमैन कुम्हेर राजीव अठावाल आदि ने भी प्रसादी ठाहण की। विधायक डॉ. गर्ग ने दौरे के प्रथम दिन शनिवार को शहनाई मैरिज होम में भुसावरी अठा परिवार की ओर से आयोजित कीर्तन एवं अन्नकूट महोत्सव में भाग लेकर अन्नकूट प्रसादी ठाहण की। इस दौरान डॉ. गर्ग का भुसावरी अठा परिवार के प्रबंधकारिणी कमेटी की ओर से पटका, माला पहनाकर स्वागत किया। डॉ. गर्ग ने दौरे के दौरान रणजीत नगर कार्यालय पर जनसुनवाई कर सम्बन्धित अधिकारियों की लोगों की समस्याओं का समाधान कराने के निर्देश दिये।

इस आयोजन में भुसावरी अठा परिवार के अनिल गुप्ता, प्रदीप आर्य, सत्यव्रत आर्य, सुधीर मित्तल, विकास मित्तल, सतीश मित्तल, वीरेन्द्र विंदल, वेद प्रकाश गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, विशन गुप्ता, महेश चंद गुप्ता, सुरेन्द्र सिंघल, प्रेमचंद गोयल, घनश्याम गुप्ता, धीरज मित्तल, आर.एस. गुप्ता आदि बडी मात्रा में समस्त भुसावरी अठा परिवार के सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे। अंत में हरीमोहन मित्तल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## हवन पूजा, रोशनी सहित अन्नकूट प्रसादी में भारी भ्रष्टाचार की कहानी

**करौली ( निंस. )।** इस वर्ष राजस्थान की भाजपा सरकार ने धार्मिक भावनाओं के अनुसार देवस्थान विभाग के करौली सहित संभाग के सभी आत्मनिर्भर श्रेणी के मंदिरों में दीपावली त्योहार के अवसर पर पंचपर्व के तहत मंदिरों पर की गई रोशनी व्यवस्था, हवन पूजन, भोग प्रसादी एवं अन्नकूट प्रसादी मे ठेकेदारों द्वारा भारी भ्रष्टाचार करने से अधिकांश मंदिरों पर ना अन्नकूट प्रसादी का आयोजन हुआ ना ही मिठाई के भोग प्रसादी का आयोजन जिससे करौली सहित संभाग के भरतपुर, धौलपुर, सवाई माधोपुर के भक्तों में भारी आक्रोश है। जानकारी के अनुसार इस वर्ष देवस्थान विभाग के आत्मनिर्भर मंदिरों के लिए दीपावली त्योहार पर मंदिरों के पंचपर्व के लिए 2 लाख रुपया प्रत्येक मंदिर के लिए स्वीकृत किए गए जिस पंचपर्व के तहत प्रत्येक मंदिर पर 50000 रुपया अन्नकूट के लिए 30 किलो मिठाइयों का भोग प्रसाद वितरण के लिए इसके अलावा 5000 प्रत्येक मंदिर पर प्रतिदिन रोशनी व्यवस्था के लिए इसके अलावा धूप और अन्य प्रसादी के लिए राशि स्वीकृत की गई थी इस प्रकार प्रत्येक मंदिर के लिए 200000 स्वीकृत किए गए जिसका देव स्थान विभाग के द्वारा ठेकेदार को टेंडर किया गया ठेकेदार द्वारा जैसे सारी व्यवस्था में भारी भ्रष्टाचार किया गया देवस्थान विभाग के निरीक्षक पुष्पेंद्र चतुर्वेदी से इस मामले में हुई चर्चा में उन्होंने बताया की भरतपुर के दो ठेकेदार को अलग-अलग व्यवस्थाओं का टेंडर किया गया उन्होंने बताया कि मैंसर्स वर्मा इलेक्ट्रिकल्स लक्ष्मण मंदिर भरतपुर और मैसर्स चाहर एसोसिएट्स नई पुष्प वाटिका कॉलोनी भरतपुर फर्म के नाम टेंडर हुआ उन्होंने बताया कि टेंडर की शर्तों के अनुसार प्रत्येक मंदिर पर 50000 का अन्नकूट प्रसादी और 718 रुपया प्रति किलो मिठाई का प्रत्येक मंदिर पर 30 किलोमीटर दीपावली त्यौहार के अगले दिन प्रसादी वितरण करना एवं 250 रुपया प्रति प्लेट के हिसाब से अन्नकूट प्रसादी एवं 5000 प्रतिदिन रोशनी व्यवस्था के लिए रोशनी व्यवस्था 5 दिन होनी थी इसके अलावा अन्य व्यवस्थाओं के लिए टेंडर हुआ।

## भैर बाबा की लगाई ढोक , मांगी परिवार कल्याण व वढोत्तरी की मंगत, हतीजर मेला में उमडा जनसैलाब

■ अथिति गिर्राज सिंह डागुर ने कहा कि मेला व पर्व भारतीय संस्कृति के देन है,ये भाई चारा और प्रेम के प्रतीक है। ऐसे आयोजन से देश व समाज में सेवा के भाव जागरूक होते है और आमजन में देशभक्ति,समाज सेवा एवं सामुहिक रहन-सहन की भावना आती है

**हलैना भरतपुर ( निस )।** श्री भैर बाबा मेला कमेटी एवं ठााम पंचायत सहित गांव के सर्वसमाज के द्वारा गांव हतीजर स्थित श्री भैर मन्दिर पर 787 वां श्री भैर बाबा मेला आयोजित हुआ। जिस मेले का समापन एवं पुरूस्कार वितरण प्रशासक प्रतिनिधी गिर्राज सिंह डागुर की अध्यक्षता में हुआ। अथिति गिर्राज सिंह डागुर ने कहा कि मेला व पर्व भारतीय संस्कृति के देन है,ये भाई चारा और प्रेम के प्रतीक है।

ऐसे आयोजन से देश व समाज में सेवा के भाव जागरूक होते है और आमजन में देशभक्ति,समाज सेवा एवं सामुहिक रहन-सहन की भावना आती है। मेले में भारी सख्यां में लोग शामिल हुए और भैर बाबा क दर्षन कर ढोक लगाई तथा परिवार कल्याण व बढोत्तरी की कामनाएं की। गांव व पडौसी गांवों के नवजात शिशु के जन्म और 2024-2025 में हुए नव विवाह के जोडों ने मथा टेक कर परिवार सहित जात दी और मेले का आनन्द लिया।

गांव की खुशबू कुमारी व मुस्कान ने बताया कि भैर बाबा का मन्दिर आस्था से भरपूर है,ये करीब 700-800 वर्ष पुराना मन्दिर है,जिसमें भैर बाबा की घोडा पर सवार प्रतिमा स्थापित है। जिसके प्रति वैर,बयाना, भुसावर, नदबई, उच्चौन, रूपवास उपखण्ड क्षेत्र के 50 से अधिक गांवों के लोगों की आस्था कायम है साथ ही राजस्थान, उत्तरप्रदेश , मध्यप्रदेश, हरियाणा आदि राज्यों के लोग भी आते है। वर्ष में एक बार मेला लगता है,जिसमें किसी परिवार में नव विवाह और नवशिशु के जन्म लेने पर परिवार के सभी सदस्य जात देने आते है। गावं के धनवीर सिंह मास्टर,दिलीप सिंह, विश्वेंद्र सिंह ने बताया कि मेला कमेटी और नवयुवक मण्डल के ठााम पंचायत एवं भामाशाहों के सहयोग से मेले के अवसर पर रंगोली की प्रतियोगिता कराई जाती है और पुरूष व बच्चों की दौड,घोडी व ऊंट दौड भी होती है। रंगोली प्रतियोगिता में गार्गी कुमारी एवं छुटकी ने प्रथम,चंचल कुमारी एवं छोटी ने द्वितीय तथा गीत एवं संगीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही 1500 मीटर की पुरूष दौड में सोंख निवासी जयवीर सिंह ने प्रथम एवं ललिता मूडिया निवासी नवीन कुमार ने द्वितीय, ऊंट दौड में तेहरा निवासी बहादुर सिंह ने प्रथम एवं ललिता मूडिया निवासी अजय भील ने द्वितीय और घोडी दौड में गांव बाई निवासी अमर सिंह ने प्रथम एवं ललिता मूडिया निवासी गोपाल सिंह द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मेला कमेटी अध्यक्ष गिर्राज सिंह सरपचं ने बताया कि विजेता व उप विजेता सहित तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को मेला कमेटी के द्वारा पुरूस्कार दिया गया,वही गांव हतीजर निवासी सेवानिवृत बरिष्ठ आईएएस महावीर सिंह की तरफ से घोडी व ऊंट दौड के विजेताओं 21-21 सौ रूपए की राषि प्रदान की गई।

## सार-समाचार

### मरीज का मोबाइल चोरी

**भरतपुर ( निस )।** जिला आयुर्वेद चिकित्सालय एसबीके स्कूल के सामने भरतपुर में अपना उपचार कराने आए मरीज मनोज कुमार चंदेला निवासी बासन गेट भरतपुर का पंचकर्म में दैनिक भर्ती में करीब 6-7 दिन से लगातार आकर लेपन करा कर वार्ड के पलंग पर लेटे थे चश्मा ओर मोबाइल अपने बगल में रखा था कोई उनके मोबाइल को बहा से ले गया और उसे बंद कर लिया है । कई बार उस नंबर को मिलाया गया आस पास अन्य मरीजों ओर स्टाफ जनों से पूंछा गया किन्तु मोबाइल का पता नहीं चला हॉस्पिटल गेट के बाहर अभय कमांड का बब कैमरा लगा है परन्तु अन्दर बब कैमरा नहीं लगे है साथ ही सिक्योरिटी स्टाफ भी लगा है परन्तु वह भी प्रॉपर अपनी ड्रेस में नहीं रहता इस कारण अपराधियों में बिलकुल भी भय व्याप्त नहीं है हॉस्पिटल में पूर्व में भी कई बार मोबाइल चोरी हो चुके है थाना प्रभारी अटलबंद को ऑन लाइन ओर ऑफ लाइन रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**करौली ।** करौली पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 10 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के निर्देश पर की गई, जिसकी सराहना की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मासलपुर थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और आरोपी की तलाश के लिए एक विशेष टीम का गठन किया। गठित टीम ने लगातार दबिशें दीं और कुछ ही घंटों में आरोपी शिवकेश (21) पुत्र वीरसिंह गुर्जर को मासलपुर मोड़, करौली से पकड़ लिया। आरोपी मासलपुर थाना क्षेत्र का ही निवासी है। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी कार्यवाही की गई। इस अभियान का संचालन पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के निर्देशन में हुआ। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम, उप अधीक्षक अनुज शुभम और एसआईयूसीडब्ल्यू प्रभारी राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में महिला थाना करौली की टीम ने इस कार्यवाही को अंजाम दिया। गिरफ्तारी टीम का नेतृत्व थानाधिकारी वीरेंद्र सिंह ने किया। पुलिस अब इस मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रही है।

### अन्नकूट प्रसादी का वितरण

**भरतपुर ( निस )।** पुराने लक्ष्मणजी मंदिर के प्रांगण में श्री रामलीला समिति द्वारा अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया। इस हेतु मंदिर को गुब्बारों व प्रतिमाओं को फूलमालाओं से सजाया गया। श्री रामलीला समिति के सभी पात्रों तथा अन्य भक्तों द्वारा सुन्दरकाण्ड का सुमधुर सस्वर पाठ किया गया। अन्नकूट में तैयार परम्परागत विभिन्न व्यंजनों का भगवान को भोग लगाकर उपस्थित पुरूष व महिला आदि सभी भक्तजनों ने प्रसादी पाई। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष ब्रजेश कौशिक, उपाध्यक्ष मोहन लाल मित्तल, मंत्री डॉ. निर्मल खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष मदनमोहन गुप्ता, डॉ. लालाशंकर गयावाल, डॉ. नरेश तिवारी, विष्णु लोहिया, ओमप्रकाश शर्मा, हरीओम गौतम, मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता, महेश चंद सिंघल, नई मण्डी व्यापार संघ के अध्यक्ष सुरेश चंद, प्रकाशचंद गुप्ता, मुकेश माहेश्वरी, लायंस क्लब रॉयल्स के बृजमोहन गुप्ता, रेणुदीप गौड, जमुना प्रसाद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### प्रभूजन आश्रम में भर्ती

**गंगापुर सिटी ।** शनिवार को सुबह साढे 8 बजे सिर पर गम्भीर चोट एवं मानसिक रूप से बीमार एक अज्ञात पुरुष प्रभुजी को अपना घर सेवा समिति,गंगापुर सिटी के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं समिति संरक्षक रमेश चंद पट्टीवाले, संरक्षक मोतीलाल रावत, समिति अध्यक्ष अशोक कुमार बंसल, समिति उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार चौधरी एवं शिवनारायण गुप्ता द्वारा गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन के सामने पी.डब्लू. डी.कार्यालय के गेट के पास से रेस्क्यू कर पुलिस कोतवाली गंगापुर सिटी से वेरिफिकेशन करवा कर सेवा उपचार हेतु अपना घर आश्रम हिंडौन से आई एंबुलेंस द्वारा अपना घर आश्रम हिंडौन भिजवाया गया। सेवा साथी के रूप में हिंडौन आश्रम से आए हुए लोकेश राणा एवं महेश का विशेष योगदान रहा। टीम अपना घर सेवा समिति,गंगापुर सिटी उनके शीघ्र स्वस्थ होकर परिवार जनों से मिलने की अपेक्षा करती है।

### स्नेह मिलन व अन्नकूट आज

**भरतपुर ( निस )।** प्रताप कोलोनी स्थित प्राचीन श्री जनकामेश्वर एवं हनुमान जी मंदिर में दीपावली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव 26 अक्टूबर रविवार को आयोजित होगा । नरेन्द्र माथुर एवं ठा. ओमप्रकाश ने बताया किइस अवसर पर मन्दिर को भव्य फूल बंगला एवं रंगीन लाईटों से सजावट होगी। दोपहर 12.15 बजे ठाकुर जी को भोग लगाकर ही प्रसाद वितरित किया जाएगा। भक्त सुरेश अरोडा ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव की व्यवस्थाओं के तैयारी हेतु बैठक में राजेश दीक्षित, प्रेम सैनी, रमाकान्त शर्मा, गौरव सिंह, ईशू नारंग ,डॉ. के. के. उपाध्याय, जीतेन्द्र गोयल, राजू नारंग, सुखवंत सिंह,संतोषशर्मा, रोबिन शर्मा आदि मौजूद रहे।

### संकीर्तन रविवार को

**गंगापुर सिटी ।** श्री राम कथा समिति गंगापुर सिटी के तत्वाधान में रविवार को सुबह 9 बजे से पूज्य बापू का सत्संग एवं संकीर्तन श्री शुक्ला जी का मंदिर शुक्ला कॉलोनी नहर रोड गंगापुर के सत्संग भवन में आयोजित किया जायेगा। मुख्य संयोजक प्रहलाद चंद मेठी ने सभी धर्म प्रेमियो से सत्संग का लाभ उठाने की अपील की है।

### भोलेनाथ को लगाया अन्नकूट का प्रसाद

**करौला( निंसं. )।** शिव भक्त मंडल इंदिरा कॉलोनी की ओर से भगवान भोलेनाथ को अनुकूट का प्रसाद लगाते हुए छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। करौली जिला मुख्यालय स्थित इंदिरा कॉलोनी में शिव भक्त मंडल की ओर से शुक्रवार की शाम भगवान भोलेनाथ के मंदिर को सुगंधित पुष्पों से सजाते हुए आकर्षक सजावट की गई वहीं भगवान को छप्पन भोग का प्रसाद एवं अन्नकूट प्रसादी में कड़ी ,चावल, बाजरा,चपाती, मिक्स सब्जी का भोग लगाया इस दौरान पूरा मंदिर प्रांगण भगवान भोलेनाथ के जयकारों से गूंजायमांन हो गया वहीं भक्त मंडल के भानु शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अन्नकूट प्रसादी एवं छप्पन भोग का आयोजन किया गया इस दौरान चौथी लाल यदुवंशी, सोमेश शर्मा, विपिन यदुवंशी, बबलू नामदेव ,प्रिंस बैंसला ,अमन शर्मा ,एकांश शर्मा, यश पंडित ,पीयूष बैंसला, अविनाश नामा आदि लोगों ने हजारों की संख्या में आए लोगों को पंगत में बिठाकर प्रसादी ठाहण कराई दिन रात तक चली भोजन प्रसादी कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिला, पुरुष एवं युवा श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसादी ठाहण की कार्यक्रम के दौरान शिव भक्त मंडल के रानू शर्मा,दिवांशु बैंसला के अलावा कई अन्य वक्त मंडल के कार्यकर्ताओं का सराहनीय सहयोग रहा।

### करौली नायब तहसीलदार निलंबित

**करौली ( निंसं. )।** करौली के नायब तहसीलदार महेंद्र गुर्जर को को निलंबित कर दिया गया। राजस्व मंडल राजस्थान, अजमेर के निबंधक ने इस आदेश को जारी किया। सूत्रों के अनुसार यह कार्यवाही विभागीय जांच लंबित होने के कारण की गई है। महेंद्र गुर्जर पर तहसीलदार के पद पर रहते हुए एक विवादित भूमि प्रकरण में लापरवाही और अनियमितताओं के आरोप थे। इन आरोपों को लेकर उनके खिलाफ विभागीय जांच चल रही थी। जांच पूरी होने तक उन्हें निलंबित रखने का निर्णय लिया गया है।निलंबन अवधि के दौरान महेंद्र गुर्जर का मुख्यालय राजस्व मंडल, अजमेर रहेगा। अधिकारियों के अनुसार यह कदम जिले में चर्चित भूमि संबंधी फाइलों और नामांतरण मामलों में सामने आई अनियमितताओं से जुड़ा हुआ है।इस प्रकरण में पहले ही दो संबंधित पटवारियों को निलंबित किया जा चुका है। विभागीय जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

### हनुमानजी को अन्नकूट और छप्पनभोग की लगाई प्रसादी

**करौली( निंसं. )।** तीन बड़ स्थित हनुमान मंदिर पर शनिवार को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन हुआ। हनुमानजी महाराज को अन्नकूट और छप्पनभोग की प्रसादी लगाई गई। क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने छप्पनभोग झांकी के दर्शन कर खुशहाली की मनौती मांगकर अन्नकूट प्रसादी पाई। आयोजन समिति के प्रमुख राजू दुकानदार ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव पर छप्पन भोग झांकी सजाई गई। अन्नकूट महोत्सव पर हनुमान जी को अन्नकूट सहित छप्पन भोग लगाए गए। जिसमें स्थानीय लोगों का सहयोग रहा। कार्यकर्ताओं के सहयोग से प्रसादी में बाजरा, चावल, कड़ी, रामभाजी का प्रसाद वितरण किया गया।